**जनपद हमीरपुर**

**थाना–जरिया** **दिनांक 17.09.2026**

**थाना जरिया पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 157/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/105 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**

वादी मुकदमा जवाहर राजपूत पुत्र कमलापत निवासी ग्राम बिरवाही, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर द्वारा अपने भतीजे के साथ गाली-गलौज, लाठी-डण्डे से मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना जरिया पर दिनांक 31.08.2026 को मु0अ0सं0 157/2026 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा 105 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

**पुलिस कार्यवाहीः**

दिनांक 17.09.2026 को थाना जरिया पुलिस क्षेत्र में मामूर थी। मुखबिर की सूचना पर राठ-उरई रोड, गोहाण्ड तिराहे से आगे रावतपुरा मोड़ के पास से मुकदमे में वांछित अभियुक्त **निर्देश राजपूत पुत्र नवीनचन्द्र निवासी ग्राम बिरवाही, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 24 वर्ष** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तः**

निर्देश राजपूत पुत्र नवीनचन्द्र निवासी ग्राम बिरवाही, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 24 वर्ष।

**आपराधिक इतिहासः**

1. मु0अ0सं0 309/2020 धारा 380/457 भा0दं0सं0, थाना जरिया।
2. मु0अ0सं0 78/2021 धारा 323/504 भा0दं0सं0 व 3(1)द,ध/3(2)(VA) एससी/एसटी एक्ट, थाना जरिया।
3. मु0अ0सं0 172/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना जरिया।
4. मु0अ0सं0 341/2022 धारा 323/504/506 भा0दं0सं0, थाना जरिया।
5. मु0अ0सं0 157/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/105 बीएनएस, थाना जरिया।

**गिरफ्तारी का स्थानः**

राठ-उरई रोड, गोहाण्ड तिराहे से आगे रावतपुरा मोड़, बहद कस्बा गोहाण्ड ।

**पुलिस टीमः**

उ0नि0 दिशांत खोखर
का0 अजय सोनकर
का0 उमेश कुमार

